फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री चन्दन सिंह खोखावत पिता श्री सुजानसिंह नि0 एस/144 से नं. 14, उदयपुर पिन कोड 313002

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम **– प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 81/2023**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 08.01.2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सूचना लोक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से जरिये क्रमांकः– लो0सू0अ0प्रा0/2023/642 दिनांक 21.12.2023 से प्राप्त रिपोर्ट के अपीलार्थी श्री चन्दन सिंह खोखावत पिता श्री सुजानसिंह नि0 एस/144 से नं. 14, उदयपुर पिन कोड 313002 द्वारा चाही गयी वांछित सूचना अपीलार्थी को तहसीलदार भीम के पत्र क्रमांकः भू0अ0/2023/सू.अ./392 दिनांक 21.12.2023 से उपलब्ध करवा दी गयी है। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को तहसीलदार भीम के पत्र क्रमांकः भू0अ0/2023/सू.अ./392 दिनांक 21.12.2023 से उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त प्रकरण खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम तथा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)